# छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल
# पुराना नर्सेस हास्टल, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा
# रायपुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक/रजि0 नर्सिंग कां0/2020/994 रायपुर, दिनांक 08/07/2020

प्रति,

समस्त, प्राचार्य/प्राचार्या
शासकीय/निजी
जी.एन.एम. एंव ए.एन.एम
नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र (छ.ग.)

विषयः— 34वीं काउन्सिल पूरक परीक्षा के संबंध में।

—::000::--

विषयांतर्गत लेख है- छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा <u>"34वीं काउन्सिल पूरक परीक्षा"</u> का आयोजन किया जाना है जिस हेतु परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 15/07/2020 है।

नोवल कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण महामारी एवं वर्तमान स्थिति को देखते हुऐ समस्त जी.एन.एम. एंव ए.एम.एम. नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा फार्म केवल पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।

<u>परीक्षा फार्म आवेदन – पत्र संबंधी प्रकिया के निर्देश निम्न है :–</u>

1. प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य/प्राचार्या/परीक्षार्थी, काउन्सिल द्वारा परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों व निर्देशो का समुचित अध्ययन करने के उपरांत नियमों के अधीन परीक्षा हेतु आवेदन करे।
2. छात्र अपना परीक्षा फार्म सोच समझकर सही सही भरे। परीक्षा फार्म में किसी भी प्रकार का सुधार करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
3. परीक्षा फार्म **प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्या द्वारा सत्यापित कर** एवं प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेंगा।
4. जी.एन.एम./ए.एन.एम. प्रथम वर्ष के नियमित छात्र/छात्राओं आपने परीक्षा फार्म के साथ–साथ $10^{th}$, $12^{th}$ की अंकसूची एंव जाति/निवासी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
5. जी.एन.एम. द्वितीय, तृतीय एवं ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं, परीक्षा फार्म के साथ–साथ पूर्व काउन्सिल परीक्षा के परिणाम (Tabulation Chart) ऑनलाईन पेमेंन्ट की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।

6. परीक्षा फार्म के साथ–साथ Internal Marks जमा करना अनिवार्य है एवं Internal Marks 250 या 300 डीपीआई (Resolution) पर स्कैन कर **PDF FILE** बना कर ही nextcouncilexam.2020@gmail.com पर मेल करें।
7. ए.एन.एम. परीक्षा शुल्क 500/– फार्म शुल्क 50/– एवं भुगतान केवल Online Payment Mode द्वारा ही मान्य होगा।
8. जी.एन.एम. परीक्षा शुल्क 800/– फार्म शुल्क 50/– एवं भुगतान केवल Online Payment Mode द्वारा ही मान्य होगा।
9. अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले परीक्षा फार्म पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. पुनर्मूल्यांकन एवं पुणर्गणना में आवेदन किये गये विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित करने के पश्चात् परीक्षा फार्म भरने के लियें समय प्रदान किया जायेंगा।

नोटः– यदि इस विषय में अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालयीन दूरभाष 0771–2227600 में कार्यालयीन समय व दिवस में संपर्क करें।

परीक्षा फार्म पोस्ट हेतु पताः– छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल, पुराना नर्सेस हास्टल, डी.के.एस. परिसर, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, रायपुर (छ.ग.) 492001

Dhanoriya 07/7/2020

रजिस्ट्रार
छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल
रायपुर (छ.ग.)